

मैं हमेशा वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहूंगा। मुझे इसे लाइव कहने में किसी भी तरह का डर नहीं है।
– शमार जोसेफ

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज, टेस्ट क्रिकेट खेलने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### अर्शदीप सिंह

**अर्शदीप सिंह,** सूरज पवार, स्टीवन और अर्शप्रीत सिंह ने ओलिंपिक के रेसवॉकिंग इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चंडीगढ़ में आयोजित रेस वॉकिंग चैंपियनशिप के इंडिविजुअल इवेंट में अर्शदीप पहले, सूरज दूसरे, स्टीवन तीसरे और अर्शप्रीत सिंह चौथे नंबर पर रहे। चारों ने क्वालिफाइंग टाइम 1 घंटे 20 मिनट 11 सेकेंड से कम समय लेकर रेस पूरी की। विमेंस में मंजू रानी चैंपियन रहीं, लेकिन क्वालिफाइंग टाइम पूरा नहीं कर पाने के कारण वह ओलिंपिक में जगह नहीं बना सकीं। मिक्स्ड वॉक रेस ओलिंपिक में पहली बार होने जा रही है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी, 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

## शमार जोसेफ चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर

गाबा, 30 जनवरी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ गाबा टेस्ट मैच के दौरान हुई इंजरी के कारण आईएलटी20 से बाहर हो गए हैं। वह आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद आईएलटी 20 का हिस्सा बनना था लेकिन चोटिल होने के कारण वह पहले घर जाएंगे और फिर पीएसएल में पेशावर जल्मी के साथ जुड़ेंगे। जोसेफ को गस ऐटकिंसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऐटकिंसन इस समय भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रही इंग्लैंड की टीम का हिस्सा हैं। ऐटकिंसन के वापस आने की स्थिति में भी जोसेफ पेशावर की टीम के साथ बने रहेंगे।

गाबा टेस्ट में अपने प्रदर्शन के बाद जोसेफ ने कहा था, मैं हमेशा वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहूंगा। मुझे इसे लाइव कहने में किसी भी तरह का डर नहीं है। ऐसा समय आएगा जब टी-20 लीग और टेस्ट क्रिकेट एकसाथ चल रहे होंगे लेकिन तब मैं वेस्टइंडीज के लिए ही खेलने को प्राथमिकता दूंगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मुझे कितना पैसा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गाबा टेस्ट के दौरान मिचेल स्टार्क की एक यॉर्कर जोसेफ के जूते पर लग गई थी। हालांकि स्कैन रिपोर्ट में कहीं भी फ्रैक्चर का जिक्र नहीं था। लेकिन गाबा में चौथे दिन जोसेफ ने दर्द के बावजूद टेस्ट इतिहास की एक महानतम स्पेल डाली। उन्होंने 68 रन देकर सात विकेट लिए। यह ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज की 1997 के बाद पहली टेस्ट जीत थी।

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

किंबरली, 30 जनवरी। स्टीव वेडरबर्न की 61 रनों शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने 232 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। कप्तान स्टीफन पासकल और स्टीव बेडरबर्न की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 48 रन जोड़े। पासकल 33 बनाकर आउट हुये। स्टीव बेडरबर्न ने पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाये। जॉर्डन जॉनसन 39 रन, नाथन एडवड्स 13 रन, मावेन्द्र दिनदयाल 17 रन, जेवेल एंड्रयू 11 रन बनाकर आउट हुये। नाथन सिली 27 और तारीक एडवर्ड 11 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने अंतिम ओवर में सात विकेट पर 232 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका की ओर से दिनुरा कालूपहाना, सिनेथ जयवर्धने और विश्व लाहिरू ने दो-दो विकेट लिये। विहास थेउमिका ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रेनिको स्मिथ के चार विकेट और नाथन एडवर्ड्स के दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 231 के स्कोर पर समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर उसने सलामी बल्लेबाज विशेन हलम्बेज शून्य का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सिनेथ जयवर्धने ने पुलिंदु परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जयवर्धने 11 रन पर बनाकर पवेलियन लौट गये। तीसरे विकेट के रुप में पेररा 24 रन बनाकर आउट हुये। सुपुन वाडुगे 31 रन पर रन आउट हुये। दिनुरा कालूपहाना ने टीम के लिए सर्वाधिक 53 रन बनाये। मालशा थरुपथी 42 रन, शरुजन षणमुगनाथन 14 रन और विहास थेउमिका 15 रन बनाकर आउट हुये। रुविशन परेरा नौ रन पर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 50 ओवर में 231 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से रेनिको स्मिथ को चार विकेट मिले और नाथन एडवर्ड्स के दो बल्लेबाजों को आउट किया। नाथन सिली और तारीक एडवर्ड को एक-एक विकेट मिला।

## केआईवाईजी 2023 : पलक जोशी ने 200 मीटर बैस्ट्रोक में जीता सोना

चेन्नई, 30 जनवरी। महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय समय में सुधार किया, जबकि तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तना ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के अंतिम दिन स्नैच और ओवरआल राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की। एशियाई खेल 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली जोशी ने 2:18.59 मिनट के साथ अपना ही रिकार्ड बेहतर किया, जो कि हैदराबाद में राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में निर्धारित 2:18.90 मिनट के उनके सीनियर राष्ट्रीय मार्क से कम था। पिछले साल जुलाई में भारतीय तैराकी महासंघ इसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन के रूप में मान्यता देगा क्योंकि एसएफआई केवल राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड मानता है। तेलंगाना की श्री नित्या सागी ने 2:25.83 मिनट समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक की नायशा ने 2:25.83 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तना ने स्नैच, क्लीन और जर्क और ओवरआल राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कीर्तना ने कुल 188 किलोग्राम वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 103 किलोग्राम वजन शामिल है। वह अपनी ही राज्य की ओविया के (184 किलोग्राम) से आगे रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की संतुष्टि चौधरी ने कुल 162 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले, स्नैच (81 किग्रा), क्लीन एंड जर्क (104 किग्रा) और ओवरऑल (185 किग्रा) में पिछला रिकॉर्ड आंध्र प्रदेश की श्रीलक्ष्मी के नाम था। इस बीच, महाराष्ट्र ने अपने खाते में नौ और स्वर्ण पदक जोड़कर स्वर्ण पदकों का अर्धशतक पूरा कर लिया। विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अदिति गोपीचंद स्वामी ने नेहरू पार्क में तीरंदाजी सेंटर पर महाराष्ट्र की अगुवाई करते हुए कंपाउंड लड़कियों और मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीते, जबकि पृथ्वीराज घाडगे और शरवानी शेंडे ने रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल जीता।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला सुपर-6 मुकाबला जीता भारत





## न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया
### मुशीर ने इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया

ब्लोमफोंटेन, 30 जनवरी। भारतीय टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-6 राउंड के अपने पहले मैच में जीत हासिल कर ली है। टीम ने न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया। मंगलवार को ब्लोमफोंटेन में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 295 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 28.1 ओवर में 81 रन पर ही सिमट गई। भारत के ऑलराउंडर मुशीर खान ने 131 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं, बॉलिंग में सौम्य पांडे ने 4 विकेट लिए। भारत का अगला मुकाबला नेपाल के खिलाफ 2 फरवरी को है।

तीसरे नंबर पर उतरे मुशीर खान ने शुरुआत से शानदार शॉट खेले। चौथे नंबर पर उतरे कप्तान उदय सहारन ने उनका साथ दिया। दोनों के बीच 113 बॉल में 87 रन की साझेदारी हुई। इससे न्यूजीलैंड पर प्रेशर बन गया। सहारन 57 बॉल में 34 रन बना कर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज अरवेल्ली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, मुरुगन अभिषेक 4 रन और सचिन धास 15 रन बना कर पवेलियन लौटे। अब तक इस वर्ल्ड कप में मुशीर 2 शतक और एक अर्धशतक लगा चुके हैं। मुशीर ने ग्रुप मैच में अमेरिका के खिलाफ 76 रन की पारी खेली थी। वहीं, आयरलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। उन्होंने 106 बॉल पर 118 रन की पारी खेली थी। वे शिखर धवन के रिकॉर्ड के करीब है। धवन ने 2004 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 3 शतक जमाए थे।

मुशीर का विकेट नहीं मिलने और सहारन के साथ साझेदारी पर न्यूजीलैंड ने 7 खिलाड़ियों से बॉलिंग कराई। इसमें से मेसन क्लार्क ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। सुपर सिक्स मुकाबले मंगलवार 30 जनवरी से शनिवार 3 फरवरी तक चार स्थानों पर होंगे। इनमें ब्लोमफोंटेन का मॅगोंग ओवल, किम्बर्ली का किम्बर्ली ओवल, पोचेस्ट्रूम का जेबी मार्क्स ओवल और बेनोनी का विलोमूर पार्क शामिल हैं। विलोमूर पार्क में ही सेमीफाइनल और फाइनल भी खेले जाएंगे।

# टेस्ट में खल रही कप्तान विराट की कमी
### 12 साल बाद घर में लगातार 3 टेस्ट बिना जीते गुजरे, 10 महीने में दूसरी हार

नई दिल्ली, 30 जनवरी। कप्तान रोहित शर्मा के कार्यकाल में एक ऐसा वाकया हो गया है जो पिछले 12 साल से नहीं हुआ था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हार गई है। यह घरेलू जमीन पर लगातार तीसरा ऐसा टेस्ट मैच है जिसमें भारतीय टीम को जीत नसीब नहीं हुई है। ऐसा आखिरी बार 2012 में हुआ था। क्या घरेलू परिस्थितियों में भारत के प्रभुत्व का लंबा दौर समाप्त हो रहा है? घरेलू टेस्ट मैचों में रोहित की कप्तानी विराट कोहली की तुलना में कमजोर साबित हो रही है? चलिए आगे जानते हैं।



घरेलू जमीन पर करीब 12 साल और 44 टेस्ट मैच बाद ऐसा दौर आया है जब भारतीय टीम लगातार तीन टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं जीत सकी। पिछला मौका 2012 में आया था। तब भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ही दो टेस्ट मैचों में हार मिली थी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। इस बार के तीन ऐसे टेस्ट मैचों में से दो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे थे। इंदौर टेस्ट में भारत हारा था, जबकि अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ रहा था। अब हैदराबाद में इंग्लैंड ने हमें हरा दिया है। विराट कोहली ने 2015 में टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली। 5 नवंबर 2015 को उन्होंने भारतीय जमीन पर पहली बार टेस्ट में टीम की कप्तानी की। उनके कार्यकाल में भारत ने 31 टेस्ट मैच अपनी जमीन पर खेले।

इन 31 मैचों में कभी ऐसा नहीं हुआ, जब भारत को लगातार तीन मुकाबलों में जीत न मिली हो। विराट की अगुआई में भारत का भारत में जीत हासिल न कर पाने का सबसे लंबा दौर 2 टेस्ट मैचों का रहा। मार्च 2017 में एक टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और इसके ठीक बाद एक टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ ड्रॉ रहा था। गौर करने लायक बात यह है कि उन मुकाबलों में भी भारत हारा नहीं था।

विराट कोहली ने 2015 से 2021 तक छह साल घरेलू मैदानों पर कप्तानी की। इस दौरान भारत ने घर में 31 टेस्ट मैच खेले। 24 में टीम को जीत मिली और सिर्फ 2 में हार का सामना करना पड़ा। 5 टेस्ट ड्रॉ रहे। विराट की कप्तानी में घर में इन 2 हार के बीच 4 साल का फासला था। दूसरी ओर रोहित ने 2022 से टेस्ट में भारतीय जमीन पर भारतीय टीम की कमान संभाली है। उन्होंने यहां 7 टेस्ट में टीम की कमान संभाली। 4 में भारत को जीत मिली है। 2 में हार झेलनी पड़ी और 1 मैच ड्रॉ रहा है। रोहित की कप्तानी में भारत को घर में दो हार 10 महीने के अंदर मिली है।

## उप्र. ने 41 बार की चैम्पियन मुंबई को दो विकेट से हराया

मुम्बई, 30 जनवरी। आर्यन जुयाल 76 रन और करण शर्मा नाबाद 67 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सोमवार ग्रुप बी के रोमांचक रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 41 बार के चैंपियन मुंबई को दो विकेट से हरा दिया है। 195 रनों का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही और उसने 16 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये थे। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद आर्यन जुयाल एक छोर थामें मजबूती से खड़े रहे। जुयाल और करण ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। जुयाल को 34वें ओवर की चौथी गेंद पर कोटियान ने पगबाधा आउट किया। उन्होंने अपनी 76 रनों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। अक्षदीप नाथ 28 रन बनाकर आउट हुये। छह बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। वहीं करण शर्मा ने अपनी नाबाद 67 रनों की पारी में पांच चौके औ दो छक्के लगाते हुये टीम को 69.5 ओवर में आठ विकेट पर 195 का स्कोर बनाते हुए दो विकेट से जीत दिला दी। मुंबई के लिए तनुश कोटियन ने 58 रन देकर पांच विकेट चटकाए। शम्स मुलानी, रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पले अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में आठ विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए 320 रन पर सिमट गई थी। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 324 रन बनाये थे। मुम्बई पहली पारी में 198 रन ही बना सकी थी।

## नेत्रहीन क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब आरसीएबी अजमेर ने जीता

उदयपुर, 30 जनवरी। राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित नेत्रहीन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद आरसीएबी अजमेर विजेता रही जबकि एनवीएस रॉयल क्लब जोधपुर की टीम उपविजेता रही। रोटरी क्लब उदयपुर मीरा एवं राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राजस्थान राज्य स्तरीय नेत्रहीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सोमवार को महाराणा भूपाल स्टेडियम में हुआ। क्लब अध्यक्ष संगीता मूंदड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में 15 ओवर के इस पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमियों का रोमांच चरम पर रहा। आरसीएबी अजमेर की टीम ने एनवीएस रॉयल क्लब जोधपुर को 79 रनों का टारगेट दिया। जोधपुर की टीम मात्र छह ओवर में ही ढेर होकर ऑल आउट हो गई।

## खेलो इंडिया वेस्ट जोन महिला वुशू प्रतियोगिता में जालोर के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण सहित जीते 6 पदक

जालोर, 30 जनवरी। भारतीय वुशू संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में 27 से 30 जनवरी तक गोवा में आयोजित खेलो इंडिया वेस्ट जोन महिला वुशू प्रतियोगिता में जालोर के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य सहित कुल 6 पदक अर्जित किये। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिव्या सोनी, सनाया बेनीवाल व दिव्या गोदारा ने स्वर्ण पदक, खुशी शर्मा ने रजत पदक वहीं कुसुम सुथार व वैशाली ने कांस्य पदक अर्जित कर जालोर का मान बढ़ाया।

## नीदरलैंड से हार कर भारत विश्व कप की खिताबी दौड़ से बाहर

मस्कट, 30 जनवरी। ओमान में चल रहे एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में भारत को नीदरलैंड से 4-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक ढंग से की थी जिसका फायदा भी उसे मिला जब मैच की शुरुआती मिनट में ही मोहम्मद राहील ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

हालांकि भारत की यह खुशी ज्यादा समय तक साथ नही रही और नीदरलैंड ने जवाबी हमला करते हुये सैंडर डी विजन के चौथे मिनट में दागे गोल से मुकाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। त्वरित बराबरी से प्रभावित हुए बिना भारत ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी और मोहम्मद राहील ने सातवें मिनट पर एक और गोल किया। दूसरी ओर नीदरलैंड ने लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए अलेक्जेंडर शॉप (10) के गोल की बदौलत एक बार फिर बराबरी करने में कामयाबी हासिल की।

मैच में आगे-पीछे का दौर जारी रहा और मनदीप मोर ने 11 वें मिनट पर भारत के लिए बढ़त हासिल कर ली। फिर भी, नीदरलैंड ने तेजी से गोल करके जवाबी हमला किया। लुकास मिर्डेडोर्प ने 12वें और जेमी वान आर्ट 13वें मिनट पर गोल कर मैच को नीदरलैंड के पक्ष में मोड़ दिया।

हाफटाइम की शुरुआत में सैंडर डी विज़न 15वें ने एक महत्वपूर्ण चुनौती वाला गोल किया, जिससे भारत पिछड़ गया। दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपना दबदबा कायम किया। पेपिजन रेयेन्गा ने 20वें और अलेक्जेंडर शॉप ने 26वें मिनट पर गोल कर अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। मोहम्मद राहील के 25वें मिनट पर साहसिक प्रयास के बावजूद भारत अंततः 4-7 से हार गया। भारत अब पांचवें से आठवें स्थान के लिये अपना अगला मुकाबला आज शाम केन्या के खिलाफ खेलेगा।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर संभाग की टीम रही विजेता

जयपुर, 30 जनवरी। 10वीं राजस्थान राज्य अखिल संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 में जयपुर संभाग की बैडमिंटन टीम पुरुष वर्ग में विजेता बनी है। झालावाड़ में आयोजित हुई प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में जयपुर संभाग की टीम ने मेजबान कोटा संभाग की टीम को सीधे सेटों में 3-0 से मात दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने बताया कि रणवीर सिंह की कप्तानी में पूरी टीम ने पूरी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## हरियाणा ने बंगाल को 41-36 से हराया

*पटना, 30 जनवरी। हरियाणा स्टीलर्स ने बंगाल वारियर्स को 41-36 के अंतर से हराकर प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र की अंक तालिका में चौथा स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा की यह 16 मैचों में नौवीं जीत है, जबकि बंगाल की लगातार तीसरी और कुल सातवीं हार है। बंगाल को अपने डिफेंस की नाकामी के कारण हार का सामना करना पड़ा। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सोमवार को हुए मुकाबले में हरियाणा के लिए शिवम पटारे (12) और सिद्धार्थ देसाई (11) ने अपनी चमक दिखाई। कप्तान मनिंदर सिंह (13) की अगुवाई में रेड में 28 के मुकाबले 29 अंक लिए। नितिन ने 9 अंक के साथ उनका अच्छा साथ दिया। उनका डिफेंस सिर्फ पांच अंक ले सका। दूसरी ओर, हरियाणा के डिफेंस ने आठ अंक जुटाए। लगातार दो हार के बाद जीत की पटरी पर लौटने को बेताब बंगाल ने शुरुआती तीन मिनट में 3-1 की बढ़त ली। पहली रेड पर आउट हुए मनिंदर ने रिवाइव होने के बाद लगातार दो अंक लेकर बंगाल को 5-3 से आगे कर दिया लेकिन अक्षित ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ शुरुआती सात मिनट में स्कोर 5-5 कर दिया। 10 मिनट की समाप्ति तक हरियाणा एक अंक से आगे रहा। नितिन ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ स्कोर बराबर कर दिया। 15 मिनट के बाद दोनों 15-15 फेल्ड टैकल कर चुकी थीं। 12-15 के स्कोर पर बंगाल के लिए सुपर टैकल ऑन था। मैट पर सिर्फ मनिंदर बचे और उन्होंने सुपर रेड के साथ अपने दो साथियों को रिवाइव करा लिया। फिर वैभव ने शिवम को सुपर टैकल कर बंगाल को 17-16 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम से पहले ही अंतिम रेड पर एक अंक लेकर बंगाल की टीम दो अंक की लीड के साथ ब्रेक पर गई। बंगाल ने हालांकि जल्द ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद हालात बदले और देसाई के शानदार खेल की बदौलत हरियाणा ने बंगाल को पहली बार ऑलआउट कर 24-22 की बढ़त ले ली। देसाई ने एक मल्टी प्वाइंट रेड के साथ अपना सुपर-10 पूरा किया और अपनी टीम को चार अंक की बढ़त दिला दी। देसाई के बाद शिवम ने भी एक मल्टी प्वाइंट रेड के साथ हरियाणा को 31-27 से आगे कर दिया। बंगाल एक बार फिर ऑलआउट की ओर अग्रसर थी। मनिंदर एक बार फिर अकेले बचे थे और इस बार वह साथियों को रिवाइव नहीं करा सके।*

# फ्लाइट में बीमार पड़े क्रिकेटर मयंक अग्रवाल
### सूरत जाते समय तबीयत बिगड़ी, अगरतला के अस्पताल में भर्ती कराए गए

अगरतला, 30 जनवरी। अग्रवाल ने भारत के लिए 21 टेस्ट खेले हैं। भारतीय क्रिकेटर मयंक अग्रवाल की तबीयत खराब हो गई है। अगरतला से सूरत की यात्रा के दौरान फ्लाइट में उन्हें मुंह और गले में जलन होने लगी। इसके उन्हें अगरतला के एक अस्पताल ले जाया गया। इस समय में उनका इलाज चल रहा है। 32 वर्षीय खिलाड़ी अब खतरे से बाहर है।

अग्रवाल इस समय में चल रही 2023-24 रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक की कप्तानी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अग्रवाल को मुंह और गले में जलन की शिकायत हुई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अग्रवाल को बोतल से पानी पीने के तुरंत बाद जलन हुई,



जिसमें मिलावटी पदार्थ होने का संदेह है। कर्नाटक के कप्तान के साथ ही टीम मैनेजर रमेश भी विमान से उतर गए।

अग्रवाल की टीम कर्नाटक ने 26-29 जनवरी को अगरतला के महाराज बीर बिक्रम स्टेडियम में त्रिपुरा पर 29 रन से जीत हासिल की। कर्नाटक शुक्रवार (2 फरवरी) से सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ मैच खेलना है। इसके लिए ही अग्रवाल सूरत जा रहे थे। वे सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले इस मैच में नहीं खेल सकेंगे।

अग्रवाल मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीज़न में अब तक जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने चार मैचों में 460 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक उनके नाम है। कर्नाटक रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के ग्रुप सी में चार मैचों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, उसने दो मैच जीते हैं और एक मैच हारा है। अग्रवाल ने 2018 में डेब्यू के बाद से भारत के लिए करियर में कुल 21 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 21 मैचों में 41.3 की औसत से 1488 रन बनाए, जिसमें उनके नाम चार शतक शामिल हैं।

भारत के लिए उनकी आखिरी पारी मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच में थी। अग्रवालने 5 वनडे भी खेले हैं। अग्रवाल 2023 में शामिल होने के बाद 2024 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। अग्रवाल ने लीग के 2022 सीजन में पंजाब किंग्स की कप्तानी भी की थी।